# शिया पी.जी. कालेज

[लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त मुस्लिम (शिया) अल्पसंख्यक संस्था]
कला, विज्ञान, वाणिज्य और विधि संकायों में छात्र एवं छात्राओं के शिक्षण हेतु।
सीतापुर रोड, लखनऊ- 226020(उ0 प्र0) भारत।]

वेबसाइट : www.shiapgcollege.ac.in  ई-मेल :info@shiapgcollege.in  फोन : 0522-6450005


**प्रो. तलअत हुसैन नक़वी**
**प्राचार्य**

**पत्रांक : ..................................**
**दिनांक : 28.09.2019**

## कार्यालय आदेश

माननीय राज्यपाल महोदया के निर्देशानुक्रम में **''पढ़े लखनऊ, बढ़े लखनऊ''** योजना का आयोजन **01 अक्टूबर, 2019 को प्रातः 11 बजे से 11:45 तक** होना है। आयोजन की सफलता के लिये दिनांक 27.09.2019 को मालवीय सभागार में लखनऊ विश्वविद्यालय के समस्त सहयुक्त महाविद्यालय की बैठक हुई जिसमें माननीय कुलपति महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि 01.10.2019 को प्रातः 11 बजे से 11:45 तक ''पढ़े लखनऊ, बढ़े लखनऊ'' के क्रम में विश्वविद्यालय एवं सभी सहयुक्त महाविद्यालयों के समस्त शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को पुस्तक पढ़ने का कार्य करना है। इस सम्बन्ध में लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा पत्र संख्या – **आर/1446/19 दि0 27.09.2019** जारी कर दिशा निर्देश दिये गये। इन दिशा–निर्देशों के क्रम में अपने महाविद्यालय को निम्नलिखित कार्य करने होगें:–

1. दिनांक 01.10.2019 को प्रातः 11 बजे से 11:45 तक ''पढ़े लखनऊ, बढ़े लखनऊ'' के क्रम में **कला** के सभी विभागों के शिक्षको, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को एक साथ **''खतीब–ए–अकबर पुस्तकालय''** में एकत्र होकर पुस्तकें पढ़ने का काम करना है।

2. इसी प्रकार **विज्ञान संकाय एवं वाणिज्य संकाय** के सभी विभागों के शिक्षको, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को एक साथ **''के–हॉल''** में एकत्र होकर पुस्तकें पढ़ने का काम करना है।

3. इसी प्रकार **विधि संकाय** के सभी शिक्षको, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को एक साथ **''विधि पुस्तकालय''** में एकत्र होकर पुस्तकें पढ़ने का काम करना है।

4. इसी प्रकार **कला संकाय (गर्ल्स सेक्शन)** की सभी शिक्षिकाओं, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्राओं को एक साथ **''सईदुलमिल्लत हॉल''** में एकत्र होकर पुस्तकें पढ़ने का काम करना है।

5. उक्त सभी कार्यक्रमों की **02 फोटोग्राफ** व एक **30 सेकेन्ड का वीडियो** बनाकर उसी दिन महाविद्यालय के **एस.सी.डी.आर.सी. कार्यालय में** या **एस.सी.डो.आर. सी. के ई–मेल scdrc.shiacollege@gmail.com पर भेजना होगा** जिससे फोटो और वीडियो को लखनऊ विश्वविद्यालय के यू.डी.आर.सी. पोर्टल पर अपलोड किया जा सके।

6. इस दौरान माननीय राज्यपाल महोदया, माननीय मुख्यमंत्री, माननीय शिक्षा मन्त्री अथवा अन्य किसी अधिकारी का महाविद्यालय का औचक निरीक्षण भी किया जा सकता है इसलिये कार्यक्रम की सफलता पर विशेष ध्यान दें।

7. कार्यक्रम के फोटो व वीडियो को अपलोड करने में किसी भी प्रकार की जानकारी व समस्या के लिये **डॉ0 प्रदीप शर्मा निदेशक, एस.सी.डी.आर.सी. मोबाइल नम्बर – 8601800340** पर या ई–मेल **pradeep.shiacollege@gmail.com** से सम्पर्क किया जा सकता है।

सभी से अनुरोध है कि उपरोक्त निर्देशानुसार कार्यक्रम के सफल संचालन को सुनिश्चित करें।

प्रो0 तलअत हुसैन नक़वी
प्राचार्य／नोडल अधिकारी

**प्रतिलिपि :**

1. निदेशक, सेल्फ–फाइनेन्स
2. प्रिन्सिपल इंचार्ज, कला संकाय
3. इंचार्ज, कला संकाय (गर्ल्स सेक्शन)
4. संकायाध्यक्ष, विज्ञान संकाय
5. संकायाध्यक्ष, वाणिज्य संकाय
6. प्राचार्य, शिया कालेज ऑफ लॉ
7. समस्त को–आर्डिनेटर
8. निदेशक, एस.सी.डी.आर.सी.
9. चीफ प्राक्टर